वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 165 बुधवार 9 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सिंगापुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के इन्वेस्टर रोड शो का किया नेतृत्व

## प्रदेश में कारोबार के लिए कंपनियों को किया आमंत्रित, राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के जुरोंग आइलैंड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का दौरा किया




**सेम्बकॉर्प, पीएसए होराइजन्स, टीवीएस मोटर्स, आईटीई एजुकेशन सर्विसेज के साथ मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पेट्रोकेमिकल्स, शहरी विकास, कौशल विकास, ऑटोमोटिव जैसे क्षेत्रों में सिंगापुर की कंपनियों और व्यापारिक समूहों को राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया...**

**जयपुर. कासं**

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में सिंगापुर दौरे पर गए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को वहां इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लिया और वहां की कई प्रमुख कंपनियों के आला अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इन मुलाकातों में उद्योग मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों और व्यापारिक जगत के अधिकारियों से राजस्थान आने, राज्य में निवेश की संभावनाएँ तलाशने और व्यापार के नए अवसर बनाने का आग्रह किया। इस दौरान निवेशकों और कंपनियों को माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार द्वारा व्यापार जगत के लिये लिए जा रहे अनुकूल नीतिगत निर्णयों से भी अवगत कराया गया। सिंगापुर इन्वेस्टर मीट में बोलते हुए राजस्थान सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, सिंगापुर की कंपनियां राजस्थान के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश करने पर विचार कर सकती हैं। हमारे राज्य से वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, और 2 एक्सप्रेसवे - दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेसवे झ गुजरते हैं। इन दोनों एक्सप्रेसवे के दोनों ओर जमीन व्यवसायों के लिए उपलब्ध है। हमारे यहां साल में 320 दिन से ज्यादा धूप रहती है, हमारी आबादी युवा है, व्यवसायों को अनुकूल बनाने का सरकार का हर संभव प्रयास है और सबसे ज्यादा, हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति है। हमारी सरकार में निर्णय जल्दी लिए जाते हैं। हम राज्य में निवेश लाने और राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना से अधिक करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रोड शो में निवेशकों को संबोधित करते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, इन्वेस्टर रोड शो की शुरूआत होने से अब तक निवेश से संबंधित कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं और अगले कुछ महीनों में निवेश के ये इरादे और भी तेजी से बढ़ेंगे। हमने इन्वेस्टमेंट समिट में पार्टनर कंट्री बनने के लिए सिंगापुर को आमंत्रित किया है। वादे के मुताबिक नीतिगत बदलावों को लागू करने और प्रदेश के आर्थिक विकास को तेजी से बढ़ाने के लिए इस सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया है। सिंगापुर के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के साथ साझेदारी करने के अवसरों की जानकारी लेने के क्रम में, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने जुरोंग आइलैंड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और पीएसए होराइजन्स की लॉजिस्टिक्स फैसिलिटी का दौरा किया। जुरोंग आइलैंड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल को जेटीसी में स्थापित डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल्स के पूरे वैल्यूचेन के बारे में बताया गया और सिंगापुर के प्रमुख पेट्रोकेमिकल प्रसंस्करण और निर्यात केंद्र के रूप में इसके उभरने के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जेटीसी कॉरपोरेशन के अधिकारियों को बालोतरा में बनने वाले राजस्थान पेट्रो जोन और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि आपसी सहयोग के लिए राज्य सरकार हमेशा तैयार है। पीएसए होराइजन्स के अधिकारियों के साथ हुई चर्चा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) और इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी) विकसित करने हेतु आपसी सहयोग के संभावित अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि राजस्थान के मल्टीमॉडल परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाया जा सके, खासकर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) और राजस्थान पेट्रोलियम एंड केमिकल्स (आरपीसी) कॉरिडोर जैसी जगहों पर। पीएसए होराइजन्स के अधिकारियों को संभावित सहयोग के लिए जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआईए) और खुशखेड़ा भिवाड़ी नीमराना निवेश क्षेत्र (केबीएनआईआर) के दौरे के लिए भी आमंत्रित किया गया।

## सिंगापुर के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध

राजस्थान सरकार की प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) गायत्री राठौड़ ने सिंगापुर इन्वेस्टर मीट में प्रदेश में मौजूद अवसरों के बारे में एक प्रेजेंटेशन देते हुए कहा कि राज्य के सिंगापुर के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध हैं और पिछले 4 वर्षों में राजस्थान से सिंगापुर को हो रहे निर्यात में 280% की वृद्धि हुई है। अपने प्रेजेंटेशन के दौरान उन्होंने निवेशकों के सामने राज्य में मौजूद संभावनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को भी जानकारी दी। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा, हम सिंगापुर की प्रमुख शक्तियों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में उनकी ताकत, अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास क्षमताओं, तकनीकी प्रगति और बुनियादी ढांचे की विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहते हैं, ताकि हमारी महत्वाकांक्षाएं उनके साथ मिल कर समृद्धि के नए रास्ते बना सकें। रोड शो में निवेशकों को संबोधित करते हुए सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा, राजस्थान में न केवल जमीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, बल्कि कई तरह के खनिज और प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेशकों के लिए पर्याप्त अवसर हैं। राज्य द्वारा कई तरह के इंसेंटिव्स और सब्सिडी निवेशकों को दिए जाते हैं, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से राज्य की निकटता जैसे कई कारक हैं जो राज्य को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं।

Rotary DISTRICT 3056 | THE MAGIC OF ROTARY

# ROTARY CLUB JAIPUR CITIZEN

*in association with*

## SUPREME HEIGHTS

# ROTARY CITIZEN BLOOD DONATION CAMP

रक्तदान है सबसे ऊँचा
इसके जैसा दान ना दूजा ....
यदि करनी हो जनसेवा
रक्तदान ही है उत्तम सेवा ....

**Date : Monday | 21st October, 2024**
**Time : 10:00 AM to 3:00 PM**
**Venue : SUPREME HEIGHTS**
14-B Krishna Nagar, Near Triveni Nagar
Downstairs from Kotak Mahindra Bank
Gopal Pura Bypass, Jaipur

**CHAIRMAN :**
Rtn. Amit-Sonil Agarwal
**COORDINATOR :**
Rtn. Ajay-Sangeeta Jain
Rtn. Rashmikant-Alka Soni
**CONVENER :**
Rtn. Ashok-Chetna Gupta
Rtn. Gaurav-Ritu Loyalka
Rtn. Jitendra-Rekha Saraf
Rtn. Omprakash-Archana Sharma
Rtn. Renu-Sanjay Agarwal

| Rtn. Dinesh Mitu Jain Baj | Rtn. Sudhir Sangeeta Godha | Rtn. Narendra Seema Mittal | Rtn. Neeraj Archana Kala |
|---|---|---|---|
| President | Charter President | Secretary | Treasurer |

Rotary DISTRICT 3056 | THE MAGIC OF ROTARY

# ROTARY CLUB JAIPUR CITIZEN

*in association with*

## ARL INFRATECH LTD.

# ROTARY CITIZEN BLOOD DONATION CAMP

रक्तदान है सबसे ऊँचा
इसके जैसा दान ना दूजा ....
यदि करनी हो जनसेवा
रक्तदान ही है उत्तम सेवा ....

**Date : Tuesday | 22nd October, 2024**
**Time : 10:00 AM to 3:00 PM**
**Venue : ARL INFRATECH LTD.**
Vill. Dhani Khurd, NH-8,
Bagru-303007

**CHAIRMAN :**
Rtn. Amit-Sonil Agarwal
**COORDINATOR :**
Rtn. Kamal-Sudha Sarawgi
Rtn. Bharat Bhushan-Shalini Jain
**CONVENER :**
Rtn. Sudha-Kamal Sarawgi
Rtn. Shweta-Sandeep Jain
Rtn. Shipra-Ashish Baid

| Rtn. Dinesh Mitu Jain Baj | Rtn. Sudhir Sangeeta Godha | Rtn. Narendra Seema Mittal | Rtn. Neeraj Archana Kala |
|---|---|---|---|
| President | Charter President | Secretary | Treasurer |

## वेद ज्ञान

### हिमालय से ऊंची और सागर से गहरी होती है मां की ममता

किसी ने सही कहा है कि हिमालय से ऊंची और सागर से गहरी होती है मां की ममता। मां जैसे पवित्र शब्द में समस्त ब्रह्मांड समाया है। मां जीवन की कड़ी धूप में भी संतान का साथ नहीं छोड़ती। वह कितनी भी कोमल और कमजोर क्यों न हो, परंतु जब अपने बच्चे को संकट में घिरा देखती है तो घायल शेरनी बन जाती है। मां के पल्लू में एक बच्चा खुद को अत्यंत सुरक्षित महसूस करता है। संतान को सुख व सुविधा प्रदान करने के लिए वह सब कुछ सहने को तैयार रही है। मनुष्य के जीवन में प्रथम गुरु उसकी मां ही होती है। मां ही उसे शिक्षा और संस्कार प्रदान करती है। कहते हैं कि वीर शिवाजी की प्रसिद्धि के पीछे मां जीजाबाई का बहुत बड़ा हाथ था। एक कथा के अनुसार बालक ध्रुव को आकाश में सर्वश्रेष्ठ तारे का पद माता सुनीति की प्रेरणा से ही प्राप्त हुआ था। संतान चाहे कितने भी ऊंचे स्थान पर प्रतिष्ठित हो, मां का पद उससे भी ऊंचा होता है। सांसारिक मोह माया से विरत महर्षि और ऋषियों द्वारा भी माता को अत्यंत सम्मान प्रदान किया गया है। मां के अंतिम संस्कार के लिए आदि शंकराचार्य का आना इसी सत्यता को प्रमाणित करता है। दया, करुणा, क्षमा और त्याग आदि गुणों की साक्षात प्रतिमूर्ति मां की महानता को चंद शब्दों में व्यक्त करना दुर्लभ है। एक बार ईश्वर ने मां से कहा, यदि मैं तुम्हारे स्वर्ग को तुमसे छीन लूं तो बदले में क्या मांगोगी? मां बोली, मैं अपने हाथों में ऐसी ताकत मांगूंगी, जो अपने संतान की तकदीर लिख सकूं। एक निष्ठुर व्यक्ति अपनी मां की हत्या करके उसका दिल लेकर जा रहा था, राह में पत्थर की ठोकर खाकर, गिरने ही वाला था कि मां के हृदय से आवाज आई बेटा संभल कर, कहीं तुम्हें चोट तो नहीं लगी? ऐसी होती है मां और उसकी ममता। आधुनिक युग में हम मदर्स डे मनाकर अपनी-अपनी मांओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं, परंतु मात्र एक विशेष दिन के स्थान पर हमारी भारतीय संस्कृति में प्रतिदिन माता-पिता से आशीर्वाद लेकर दिनचर्या प्रारंभ करने का विधान बताया गया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि माता-पिता और गुरु को ईश्वर के समान माना गया है। भाग्यवान हैं वे, जिन्हें मां का आशीर्वाद प्राप्त है। मां की भावनाओं को यदि आप ठेस पहुंचाएंगे तो कभी भी सुखी जीवन नहीं बिता सकेंगे।

## संपादकीय

# सुधरते रिश्ते सुखद और स्वागत योग्य

भारत और मालदीव के बीच सुधरते रिश्ते सुखद और स्वागतयोग्य हैं। बीते साल नवंबर में 46 वर्षीय मोहम्मद मुइज्जू मालदीव के राष्ट्रपति बने थे और चुनाव प्रचार के दौरान ही उनका भारत विरोधी एजेंडा सबके सामने आ गया था। उनकी सरकार के एकाधिक मंत्रियों ने भी सत्ता में आते ही भारत के प्रति विरोध को छिपाया नहीं और खुद मोहम्मद मुइज्जू भी चीन की गोद में इतराते नजर आए। उनके हठ की वजह से भारतीय



सैनिकों को मालदीव से लौटना पड़ा, हालांकि, अभी भी भारत के वायुयान मालदीव में हैं, हमारे नागरिक पायलट और आपदा प्रबंधक भी वहां हैं। आज भी मालदीव के टापुओं पर जब किसी को आपात सहायता की जरूरत पड़ती है, तो भारतीय राहत दल ही बचाव के लिए सबसे पहले पहुंचता है। कुछ ही दिनों पहले ऐसा लग रहा था कि मालदीव ने भारत से मिली सेवाओं को भुला दिया है। ऐसे में, मुइज्जू की भारत यात्रा ने अनेक शंकाओं का न केवल समाधान किया है, बल्कि परस्पर रिश्तों में फिर से गर्मजोशी लाने का इरादा जाहिर कर दिया है। आश्चर्य नहीं, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयास के तहत भारत और मालदीव ने सोमवार को 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। संबंधों को बुनियादी रूप से मजबूत करने के जो ताजा प्रयास हुए हैं, उनसे बड़ी आशा जगती है। मालदीव में रूपे कार्ड भी लॉन्च हो गया है। भारत ने परंपरा के अनुरूप ही मदद के वही हाथ आगे बढ़ाए हैं, जिन्हें मालदीव अपनी नई सरकार के जोश में झटक दे रहा था। ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना में तेजी लाई जाएगी। थिलाफुशी में एक नए वाणिज्यिक बंदरगाह का विकास होगा। मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की शुरूआत होगी। दरअसल, मंदी से जूझ रहे मालदीव के पास आसान विकल्प यही है कि वह भारत से मदद ले। यह बात छिपी नहीं है कि भारत उदारता से मदद करता है, जबकि अन्य देश मदद की पूरी कीमत वसूलते हैं। यह बात भी गौर करने की है कि इंडिया आउट के नारे के साथ मोहम्मद मुइज्जू ने चुनाव जीता था और उन्हें उम्मीद थी कि चीन आर्थिक मदद के लिए अपनी झोली खोल देगा, पर महीनों इंतजार के बाद भी जब चीन से पर्याप्त मदद नहीं मिली, तो भारत की याद आई। यहां भारत की तारीफ होनी चाहिए कि उसने कभी भी जैसे को तैसा की भाषा में जवाब नहीं दिया। आज भी नरेंद्र मोदी सहज भाव से मालदीव को घनिष्ठ मित्र बता रहे हैं, तो यह किसी सबक से कम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने उचित याद दिलाया है कि भारत ने हमेशा एक पड़ोसी की जिम्मेदारियां निभाई हैं, इसमें कोई शक नहीं है। भारत को अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने ही चाहिए। दक्षिण एशिया में भारत विकास की सीढ़ियां तेजी से चढ़ रहा है। ऐसे में, ईर्ष्या की सदैव आशंका रहेगी, पर यह भाव कहीं नफरत में न तब्दील हो जाए, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भारत पर ही रहेगी। यहां हमें कोई तराजू रखने की जरूरत नहीं है, लेकिन पड़ोसी देशों को अवश्य तराजू रखना चाहिए और वह समग्रता में यही पाएंगे कि आम तौर पर भारत का पलड़ा भारी रहेगा। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# हादसों का सिलसिला

भीड़भाड़ वाली जगहों पर हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसलिए प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसी जगहों पर आवाजाही, निकासी, हवा-पानी, चिकित्सा सुविधा आदि की समुचित व्यवस्था करे। भीड़ प्रबंधन को लेकर नियम-कायदे भी तय हैं। मगर इसे लेकर सरकारें और पुलिस-प्रशासन प्रायः लापरवाह ही देखे जाते हैं। यही वजह है कि अक्सर भगदड़, तेज गर्मी, मंचों के टूटने, आग लगने आदि की वजह से दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, पर प्रशासन उनसे कोई सबक लेता नजर नहीं आता। उसी की ताजा कड़ी चेन्नई के 'एअर शो' में तेज गर्मी और निर्जलीकरण के कारण पांच लोगों की मौत और करीब सौ लोगों की सेहत खराब होने के रूप में सामने आई। बताया जा रहा है कि विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने करीब सोलह लाख लोगों को चेन्नई के मरीना समुद्र तट पर जुटा लिया। मगर इतने लोगों के लिए जो इंतजाम होने चाहिए थे, वे नहीं किए गए। वहां का विपक्ष राज्य सरकार पर बदइंतजामी का ठीकरा फोड़ रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि भारतीय वायु सेना ने जितने सुरक्षाकर्मी मांगे थे, उससे अधिक उपलब्ध कराए गए थे। साढ़े छह हजार पुलिस कर्मी और डेढ़ हजार होमगार्ड तैनात किए गए थे। फिर यह सवाल अपनी जगह है कि इसके बावजूद लोगों को परेशानियों का सामना क्यों करना पड़ा। बताया जा रहा है कि लोगों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पुलिस कर्मियों ने समुद्र किनारे पानी वगैरह बेच रहे खोमचे वालों को हटा दिया था। इसलिए लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो सका। फिर कार्यक्रम खत्म होने के बाद लोगों में ऐसी अफरातफरी मची कि घर पहुंचने के लिए बसों और मेट्रो आदि के लिए जगह-जगह भीड़ लग गई। चेन्नई की सड़कों पर घंटों वाहनों का जाम लगा रहा। जब भी इस तरह के आयोजन होते हैं तो अनुमानित भीड़ के मद्देनजर आने-जाने के रास्ते पहले से तय किए जाते हैं, लोगों के लिए पीने के पानी, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं आदि का इंतजाम किया जाता है। मगर चेन्नई के 'एअर शो' में इसका नितांत अभाव देखा गया। आखिर क्यों भारतीय वायु सेना और चेन्नई पुलिस ने यह जानते हुए भी कि करीब सोलह लाख लोगों की भीड़ जमा होने वाली है, सुरक्षा संबंधी उपायों में लापरवाही बरती। ऐसे कीर्तिमान बना लेने का भी क्या लाभ, जिसमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़े। यह कोई ऐसा आयोजन नहीं था, जिसे स्थानीय और अननुभवी लोगों ने बिना कुछ सोचे-समझे आयोजित किया था। इसके लिए महीनों से तैयारियां की गई होंगी। प्रचार-प्रसार किया गया होगा। उसमें विशिष्ट लोगों को अतिथि के रूप में बुलाया गया होगा। मौसम विभाग से जानकारी ली गई होगी। मौसम संबंधी जानकारी के लिए तो भारतीय वायुसेना का अपना भी इंतजाम रहता है। फिर, कैसे यह अनुमान लगाने में चूक हुई कि लोगों को गर्मी के कारण परेशानियां उठानी पड़ सकती हैं। यह भी समझ से परे है कि जब पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात थे, तो यातायात व्यवस्था संभालने में वे कैसे विफल साबित हुए। इस घटना से फिर यही साबित हुआ है कि प्रशासन को या तो भीड़ संभालने का उचित प्रशिक्षण नहीं है या वह जानबूझ कर ऐसी लापरवाही करता है। मानो, आमजन की सुरक्षा उनकी खुद की जिम्मेदारी मान ली गई है। इसे सामान्य चूक या लापरवाही नहीं माना जा सकता, यह प्रवृत्तिगत दोष है।

# जयपुर की चार दीवारी के प्राचीन जिनालयों के दर्शन करना कालोनियों के श्रावकों का कर्तव्यः मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज

## जय जवान कॉलोनी जैन मंदिर में हुई पार्श्वनाथ कथा में उमड़े श्रद्धालु

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मुखारबिन्द से मंगलवार को जय जवान कॉलोनी के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर दिगम्बर जैन मंदिर में कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया। इस मौके पर मुनि श्री ने पारस पुराण कथा का वाचन करते हुए अदर्शन परिषह को समझाया। उन्होंने कहा कि मुनिराजों के अनेक तरह की तपस्या करने से ऋद्धियां प्राप्त हो जाती है और यह ऋद्धियां प्राप्त न हो, उनके बारे में सोचना कि इतनी तपस्या करने पर भी यह प्राप्त नहीं हो रही है और उनको मन पर हावी नहीं होने देना। यह सोचना कि कर्मों की अनुभागता की तीव्रता होने से यह प्राप्त नहीं हो रही है। यह अदर्शन परिषह है। और ऐसा विचार भी न आना अदर्शन परिषह विजय है। साधारण मनुष्य के बारे में मुनिश्री ने कहा कि नकारात्मक सोच को लगातार मन में रखना धुन लगाने जैसा है। वह मनधुना होता है। आपकी जब भी यह सोच बढे, आप अध्यात्म की तरफ गुनीजनों का सानिध्य रखने से आपका मन गुनगुनाने लगेगा और आप इस पर विजय प्राप्त कर लेंगे। मुनिश्री ने उपस्थित सभी जैन समुदाय को चेताया कि आप पुराने ढर्रे की जिंदगी को छोड़कर कुछ नया करें। जयपुर जो कि विश्व में जैन नगरी के नाम से प्रसिद्ध है और उसकी चार दिवारी में बहुत प्राचीन जीनालय है। आप नियम बनाए कि सप्ताह में एक बार हम इन जिनालयों के बारी-बारी से दर्शन करेंगे। जिससे यह जिनालय सुरक्षित और संरक्षित भी रहेंगे। आप पुराने ढर्रे पर चले तो सबको ढेर हो जाएगा। इससे पूर्व चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, पाद पक्षालन, शास्त्र भेट किया गया। इस मौके पर जय जवान कॉलोनी जैन मंदिर के अध्यक्ष अशोक जैन नेता, राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग के मंत्री राजेन्द्र सेठी, अरुण श्रीमाल आदि ने मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज को

## सिद्धार्थ नगर के मंदिर में बुधवार को प्रातः 8.15 बजे होगी धर्म सभा - गुरुवार को सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के लिए होगा मंगल विहार



श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही सूर्य नगर जैन समाज ने धनेश सेठी, विनोद जैन कोटखावदा, पारस कासलीवाल के नेतृत्व में मुनि श्री को श्रीफल भेट कर सूर्य नगर कालोनी में पधारने के लिए निवेदन किया। इस मौके पर किशनगढ़ जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश चन्द गंगवाल, मंत्री विनोद चौधरी ने शीतकालीन प्रवास के लिए मुनि श्री को श्रीफल भेंट किया। सायंकाल आरती एवं गुरु भक्ति के आयोजन हुए। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुनिश्री ससंघ का बुधवार, 9 अक्टूबर को प्रातः 6:00 बजे जय जवान कॉलोनी जैन मंदिर से सिद्धार्थनगर के श्री महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार होगा। मुनिश्री का पारस पुराण का वाचन बुधवार सुबह 8:15 बजे सिद्धार्थनगर जैन मंदिर में होगा। मुनि श्री का गुरुवार, 10 अक्टूबर को तारों की कूट स्थित सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार प्रस्तावित है।

## चौबीस समोशरण कल्पाद्रुम महामण्डल विधान मंडल का आयोजन



**कानकी. शाबाश इंडिया।** प. पू . 108 आचार्य भगवान विरागसागर जी महामुनिराज के आशीर्वाद से उनके ही परम प्रभावक शिष्य प .पू. भारत गौरव श्रमण मुनि श्री 108 विशल्यसागर जी गुरुदेव के मंगल आशीर्वाद मंगल सान्निध्य - में श्री 1008 कल्पाद्रुम चौबीस समोशरण महा मण्डल विधाने का शुभारंभे प्रातः कालीन बेलो मंगल घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ सानंद सम्पन्न हुआ एवं 108 जिन प्रतिमा पर अभिषेक एवं शन्तिधारा भी की गई । ध्वजारोहण का पुण्यर्जन सुधीर गंगवाल सपरिवार कानकी निवासी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर गुरुदेव ने कहा कि भगवान की भक्ति करने से चित्त का निरोध होता एवं आत्म विशुद्धि का जागरण होता है । भक्ति भगवान बनने में एक कारणभूत तत्व है ,आयाम है , साधान है भक्ति करने से हमारे भावों में निर्मलता आती है भक्ति वह सेतु है जिस पर सवार होते ही हमारे जीवन के संकट स्वतः टल जाते है हमारे जीवन में जो प्रलय बाधायें होती वो खुद ही बिलय को प्राप्त अर्थात नष्ट हो जाती है अपने जीवन में भगवत्ता प्रगट करने के लिए परमात्मा से साक्षात्कार करने के लिए भक्ति रुपी कवच को धारण करना ही होगा भक्ति में वह शक्ति है जिसके द्वारा हम अपने जीवन में सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। प्रेषकः विशाल पाटनी,भागलपुर





All INDIA LYNESS CLUB
FRIENDSHIP UNITY SERVICE
Footprints
Swara
8 Oct' 24

Happy Birthday
ly Mrs renu Jain
President : Nisha Shah
Charter president : Swati Jain
Advisor : Anju Jain
Secretary : Mansi Garg
P R O : Kavita kasliwal jain

# जयपुर में पहली बार श्री वृंदावन बांके बिहारी जी के महाप्रसाद का भव्य आयोजन

अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया



जयपुर। 9 अक्टूबर बुधवार जयपुर वासियों के लिए एक ऐतिहासिक और दिव्य अवसर Aeondine लाउंज और रेस्टोरेंट, जहां वृंदावन के श्री बांके बिहारी जी मंदिर के गर्भगृह से महाप्रसाद मंगवाकर भक्तों को वितरण किया जाएगा। जयपुर के इतिहास में पहली बार यह आयोजन आयोजित हो रहा है। 9 अक्टूबर 2024 से रोजाना जयपुर के भक्तों के लिए यह पवित्र महाप्रसाद Aeondine में उपलब्ध रहेगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्वयं श्री बांके बिहारी जी मंदिर के महंत श्री नितिन सवारियां गोस्वामी (वृंदावन), गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेड़म, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, विधायक बाल मुकुंद आचार्य, राज्य मंत्री प्रहलाद राय टांक और सुनील कोठारी के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जयपुर के भक्तों को बांके बिहारी जी का प्रसाद घर बैठे प्राप्त करवाना है। 9 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे से Aeondine, 3rd Floor, Universal Tower टोंक रोड, जय जवान-2, दुर्गापुरा पर प्राप्त होगा। भक्तजन इस महाप्रसाद के लिए ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं।

# लायंस क्लब मेट्रो के अंडमान यात्रा के यात्रियों की मीटिंग संपन्न



जयपुर. शाबाश इंडिया

लायन क्लब जयपुर मेट्रो के 48 सदस्य जो की अंडमान निकोबार जा रहे है उनकी मीटिंग भट्टारक की नसिया में संपन्न हुई। उसमें सौहार्द पूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। सुरेंद्र पांड्या ने बताया यात्रा में सभी सभी सदस्य जयपुर एयरपोर्ट से रवाना होंगे।






# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा जीव दया और मानव सेवार्थ कार्यक्रम आयोजित







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सामाजिक कार्यक्रमो की श्रृंखला मे एवं सेवा ही कर्म - सेवा ही धर्म की तर्ज पर 8 अक्टूबर को रामनिवास बाग के पीछे जीव दया कार्यक्रम के तहत कबूतरो को दाना खिलाया। ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड़ ने बताया कि ग्रुप स्थापना वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे सोशल कार्यक्रम किये जा रहे है आज का कार्यक्रम ग्रुप उपाध्यक्ष अजय - ऋतू बड़जात्या के सौजन्य से रामनिवास बाग के पीछे कबूतरो को दाना खिलाया उसके बाद ग्रुप कोषाध्यक्ष सुकेश - सपना काला के सौजन्य से मानव सेवार्थ लोन हॉस्पिटल के बाहर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भोजन कराया।

# मालवीय नगर जैन समाज की सामूहिक गोठ संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मालवीय नगर जैन समाज की सामूहिक गोठ का आयोजन सांघी जी की नसिया चूल गिरी में किया। समारोह में मुख्य अतिथि विवेक काला एवं विशिष्ट सुरेंद्र जैन पण्ड्या थे । उनका सम्मान सतीश काला ने एवं सुरेंद्र डिग्गीवाल ने किया साथ में मृदुला पण्ड्या एवं सूर्यकांता डिग्गीवाल थी।

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा दिव्यांग सहायता कार्यक्रम का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस इंटरनेशनल के सेवा सप्ताह अनमोल खुशियां के तहत आज दिनांक 8.10.24 को सेवा सप्ताह के अंतिम दिन को दिव्यांग सहायता दिवस के रूप में जोर शोर से मनाया गया। जयपुर के कई लायंस क्लब्स ने एक साथ मिलकर महावीर विकलांग सेवा समिति, मालवीय नगर के माध्यम से कई दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता अनुसार उनके जीवन को सुचारू बनाने व सेवा भाव के उद्देश्य से कृत्रिम उपकरण - कृत्रिम पैर, ट्राय साईकल, बैसाखी आदि देकर उनको खुशी देने का प्रयास किया। जयपुर स्पार्कल



द्वारा 2 दिव्यांगो को बैसाखी व एक विकलांग को टी. स्टाल खुलवाले हेतु जरूरी सामान, गैस चूल्हा, बर्तन आदि देकर अपनी सहभागिता निभाई। आज के इस विशाल आयोजन में लायंस की कई महान विभूतियां पूर्व प्रान्तपाल ला. आलोक जी अग्रवाल, अंजना जी जैन, सहप्रांतपाल आशुतोष वशिष्ठ जी, सेवा सप्ताह कॉन्विनीयर व सलाहकार ला. अजय सक्सेना, आर.एस. मदान के साथ अन्य कई क्लब्स के अध्यक्ष, सचिव व मेंबर उपस्थित थे। जयपुर स्पार्कल से अध्यक्ष सुमित्रा गोलियां, कोषाध्यक्ष नीता गोयल, जोन चेयरपर्सन महादेवी आर्य, सेवा सप्ताह कॉन्विनीयर विजिया कोठारी, रानी पाटनी, मंजू पूरी, सुजाता स्वर्णकार आदि उपस्थित रही।

# सकल जैन समाज की 12 दिवसीय धार्मिक यात्रा 13 अक्टूबर से

## जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फेडरेशन मेवाड़ रीजन द्वारा सम्मेद शिखर जाने वाले 1151 यात्रियों में 108 दिव्यांग एवं विधवा निःशुल्क जाएंगे




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप इन्टरनेशनल मेवाड-मारवाड़ रीजन उदयपुर द्वारा सम्मेद शिखरजी तक की 12 दिवसीय धार्मिक यात्रा 13 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। रीजन चेयरमैन अनिल नाहर ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि इस यात्रा के दौरान एसी एवं नॉन एसी 20 कोच में 1151 यात्रियों को ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रेल यात्रा में 108 ऐसे यात्री हैं जो दिव्यांग, विधवा अथवा आर्थिक रूप से अक्षम हैं, उन्हें निःशुल्क/रियायती दर पर यात्रा करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण यात्रा का जिम्मा मुंबई की कंपनी एवं भोजन व्यवस्था सूरत के मशहूर कैटर्स को दिया गया है। चेयरमैन इलेक्ट अरुण माण्डोत ने बताया कि यात्रा हस्तिनापुर, अयोध्या, काशी, पावापुरी, लछुवाड़, राजगीरी, विरायतन, रिजुबलिका महातीर्थ होते हुए सम्मेदशिखरजी होते 24 अक्टूबर को पुनः उदयपुर पहुंचेगी। सचिव महेश पोरवाल ने बताया कि प्रत्येक यात्री को ओढ़ने का कंबल, एक बड़ा बैग, एक छोटा बैग, तकिया, दिशा निर्देश बुक, टोपी तथा अन्य सामान का किट यात्रा संघ द्वारा दिया जा रहा है। इस यात्रा में 11 चिकित्सकों की टीम भी साथ रहेगी। मुख्य संयोजक मनमोहन राज सिंघवी ने बताया कि 13 अक्टूबर को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का जन्मदिन प्रतापनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की विदाई के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए आवास व्यवस्था समिति में विजय सिसोदिया, सुशीम सिंघवी, अर्जुन खोखवात व विजय सेठिया, भोजन व्यवस्था समिति में प्रकाश कोठारी, गुणवन्त वागरेचा व टीनू मंडावत, धार्मिक आयोजन समिति में आलोक पगारिया, वित्त व्यवस्था समिति में हिम्मत सिसोदिया व श्यामलाल सिसोदिया, महिला समिति में मधु खमेसरा, पिंकी मांडावत, उर्मिला सिसोदिया व मंजू गांग तथा यातायात व्यवस्था में पारस ढेलावत, पंकज मंडावत व हस्तीमल लोढ़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह, रजिस्ट्रेशन समिति में भीलवाड़ा के सुनील नाहर व निशान्त जैन, चित्तौड़गढ़ के नरेन्द्र पोखरना, निम्बाहेड़ा के दिलीप पामेचा, प्रतापगढ़ के प्रदीप बोरदिया, राजसमन्द के भरत दक, नाथद्वारा के विजेश सिसोदिया, ऋषभदेव के लोकेश वाणावत, डूंगरपुर के सिद्धार्थ मेहता, बांसवाड़ा के पीयूष मेहता, जोधपुर के राजेन्द्र मेहता, जालोर के राकेश भंसाली तथा आबूरोड के प्रशांत जैन को शामिल किया गया है। यात्रा गाड़ी उदयपुर राणा प्रतापनगर स्टेशन से 13 अक्टूबर को दोपहर 2.15 बजे प्रस्थान करेगी। सम्मेदशिखर जी पर धार्मिक दर्शन व सेवा-पूजा की जाएगी। पावापुरीजी तथा शिखरजी में विशाल भक्ति संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

> मुख्य संयोजक मनमोहन राज सिंघवी ने बताया कि 13 अक्टूबर को पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया का जन्मदिन प्रतापनगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की विदाई के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा।

रिपोर्ट/फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'

# झड़वासा में खण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। झड़वासा कस्बे में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में हुआ खण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य कौशल्या यादव ने बताया की ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री नगर के निदेशानुसार मंगलवार को झड़वासा के विद्यालय खेल मैदान में 11 वर्षीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता की विधिवत रूप से घोषणा की गई इस मौके पर विद्या वाहिनी माँ सरस्वती के दीपांजलि प्रज्वलित कर उक्त प्रतियोगिता को सम्पन्न करने वाले शारीरिक शिक्षक त्रिलोक रोल्या बनेवडा, ललिता मोतीपुरा, अशोक कुमार जाट नाहरपुरा, हेमलता सरगरा मडियानी और शीला चौधरी को एसएमसी सदस्यों मांगीलाल जाट व तेजमल चौधरी द्वारा दुपट्टा ओढाकर सम्मान भी किया गया व ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तीन दिन तक चलने वाली खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया गया व उक्त प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगी 11 वर्षीय बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर 11 वर्षीय बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्वागत व एकल नृत्य भी किया गया। कार्यक्रम संचालन व्याख्याता हेमराज मेघवंशी द्वारा किया गया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के खिलाड़ी राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में चयनित

**कोटा. शाबाश इंडिया**

जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन स्टेयर्स स्कूल में किया गया जिसमें कोटा के कई स्कूल और अकेडमी के बच्चों ने भाग लिया। कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पीवी व सब जूनियर अंडर 12 वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो अकेडमी ने 25 गोल्ड,10 सिल्वर,6 ब्रोंज मेडल जीतकर फर्स्ट चैम्पीयन्शिप अपने नाम की,व सेकेंड चैंपियनशिप स्टेयर्स स्कूल, थर्ड चैंपियनशिप डीडीपीएस स्कूल ने प्राप्त की,कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार व सेक्रेट्री मनोज कुमार ने बताया कि मेडल ना सिर्फ.जीत का प्रतीक है बल्कि कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। इस अवसर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी मान्याय, सक्षम, कुश, वेदिका,



युवान, दिव्यांशी, पुरोधा, तृषा, याशिका , अलीशा, अविराज, इरा, क्रियांश, भव्या, अवयुक्ता, क्षितिज, अव्यांश, वानी, प्रणीत, राधे, आरोही, व्योम, कबीर कुमार कीर, वंशिका शर्मा, मानवी वर्मा, शिक्षा शर्मा, शाएब सिंह, रिदम विजय, निशिका,नाविका, प्रियल, दक्ष, दिव्यम मेघवाल, उत्कर्ष, जियानशी, निशिका, भाव्यांशी, फजल, मिशिक, हर्षवर्धन, वंश, कनिष्क, जियांश ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। मेहुल, खुश्मिता, कार्तिके, नीलदीप,प्रखर, प्रणवी, लावंशी, आरव, प्रिंस, अनुषा, मेहान, स्वास्ति, नीतिशा, पंखुड़ी, कनिका,आध्या , राम, गौहर, प्राची, अथर्व, ईशिता, आयुष्मान, सिया, एंजेल्स, जैनब, शिवांगी, अविका, अविराज, शान, धर्मेश ने रजत पदक प्राप्त किए भूपेंद्र, वंशिका, मानुश्री, प्रियांशु, दामिनी, सक्षम ने कांस्य पदक प्राप्त किए। जीतने वाले सभी खिलाड़ी 12 से 13 अक्टूबर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साथ ही नेशनल रेफरी आईशानी सक्सेना, दयावंती,इंद्रजीत सिंह,अभिषेक कुमार,देवराज बंसल,हर्षित शर्मा, भूमिका चित्तौड़ा, अक्षय,अविनाश मीना,मनमीत सिंह,राजकुमार राठौड़,हीना व राजस्थान सेक्रेटरी लक्ष्मण हाड़ा, मोहित सिंह, अभिषेक कुमार व स्टेयर्स स्कूल के डायरेक्टर मनदीप कौर, प्रिंसिपल डॉ.पंकज खंडेलवाल, व कोच अभिषेक कुमार, सूरज, माही,गगन, मनोज ने बधाई दी ।

# गोलालारे समाज सेवा समिति द्वारा क्षमावाणी एंव परिवार मिलन समारोह सानंद सम्पन्न







**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

ग्वालियर। शहर में कम्पू स्थित जैन छात्रावास मे श्री दिगम्बर गोलालारे जैन समाज ने अपना तृतीया क्षमावाणी पर्व बड़ी ही धूमधाम से बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रमों व वात्सल्य भोज के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ग्वालियर शहर की समस्त गोलालारे जैन समाज, अन्य जैन समाज के प्रतिनिधि, भिण्ड, मेहगांव,गोरमी, देहली, अहमदाबाद, इन्दौर के साथ साथ पांच ई अतिशय क्षेत्र कमेटी, नेमिनाथ मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि अपने अपने पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय उत्तम चंद जैन, बरोही वालों ने और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश सिंह सिकरवार विधायक ग्वालियर पूर्व क्षेत्र विधानसभा और जैन समाज के प्रतिनिधि मंच पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान पार्श्वनाथ के चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तदुपरान्त कुछ नाविका, कु दर्शिका, हिमानी ने सुन्दर मंगलाचरण और नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी उपस्थित समूह को मनमोहित कर लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोलालारे जैन समाज ग्वालियर महिला समिति, कु आयरा, तृप्ति जैन, कु नाइशा, आशु, राखी, सजना, मानसी, रेखा जी व दीप्ति ने बहुत ही सुन्दर, मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए। विधायक सतीश सिकरवार जी ने जैन धर्म में पर्युषण महापर्व सम्पन्न होने के बाद क्षमा भाव एक दूसरे के प्रकृट करने की भावना पर अपने विचार रखते हुए पर्यूषण पर्व की प्रमुख बातों को समाज की बीच रखा और उपस्थित समाज ने तालियां बजाकर उनका समर्थन करते अभिवादन किया। इसके ग्वालियर गोलालारे जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, सचिव सुनीलजैन भगत जी, कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन, भिण्ड समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन, अतिशय क्षेत्र रत्नत्रयगिरी पांवई अध्यक्ष रमेश जैन ठेकेदार, कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार जैन, प्रमोद जैन डब्बू, विजय जैन गोरमी, विजय सैंथरी मैंहगांव जितेन्द्र जैन इन्दौर देहली रोहिणी, पालम दिल्ली से पधारे श्री दिगम्बर गोलालारे जैन समाज समिति के अध्यक्ष आकाश जैन, ललित जैन, और देहली से पधारे वरिष्ठ समाजसेवी व सोनागिर न्यास के संस्थापक न्यासी संजीव कुमार जैन ने अपने अपने अनुबोधन दिये और ग्वालियर गोलालारे जैन समाज द्वारा समाज के हित में किये जा कार्यों प्रशंसा की। ग्वालियर गोलालारे जैन समाज समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। समिति द्वारा जिन सदस्यों ने दशलक्षण पर्व व सोलाकारण व्रत किए उन सभी व्रतियों का मंच पर शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इसके साथ साथ समिति ने बाहर से पधारे अपने अतिथियों, प्रतिनिधियों का शॉल श्री फल से सम्मान किया। जिसमे राजीव जैन, प्रमोद जैन गप्पू, महेश जैन, मोनू जैन मुरार, सोनल जैन पत्रकार, सुनील जैन बाराध वाले, संजीव जैन दिल्ली, स्नेहलता जैन, रेखा जैन रिदोली, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। जैन समाज के पूरे कार्यक्रम में उनकी महिला समिति के कार्यों की प्रशंसा स्वयं अध्यक्ष अनिल जैन द्वारा की गई।

# जो शाश्वत है वही सनातन है: पंकज ओझा




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कांतिचंद्र रोड स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर के पास श्रीमद्भागवत कथा स्थल पर चल रहे यज्ञ एवं भागवत कथा कार्यक्रम की कड़ी में मंगलवार को धर्मध्वजा वाहक पंकज ओझा (आरएएस) ने सनातन धर्म और संस्कृति पर उद्बोधन दिया। यत्र संचालक संतोष सागर महाराज ने बताया कि सनातन धर्म का महत्व बताते हुए पंकज ओझा ने कहा कि सनातन वह है जिसका न कोई आदि है, न ही अंत। सनातन शाश्वत है, अनादि है, अनन्त है। सनातन का प्रसार सर्वत्र है, इसका कोई ओर-छोर नहीं है। यह समस्त ब्रह्माण्ड को स्वयं में समेटे हुए है। ओझा ने बताया कि भारतवर्ष ही सनातन का प्रमुख एवं प्राचीनतम केन्द्र है। सनातन धर्म के ग्रंथ भारत में ही लिखे गए हैं, जिनका समस्त विश्व शोध कर रहा है। सनातन ग्रंथों के ज्ञान से ही विज्ञान ने तरक्की की है। हमारे मठ, मंदिर, मूर्तियाँ, हमारे शिल्प, प्रकल्प हमारी संस्कृति के सूत्र सभी हजारों वर्ष पुराने हैं। उन्होंने कहा कि वेदव्यास रचित भागवत के तीसरे स्कंध के 11वें अध्याय में सृष्टि रचना खण्ड में परमाणु की एकदम सत्य और सटीक परिभाषा का वर्णन मिलता है, तो बारहवें स्कंध में पृथ्वी पर सप्तद्वीप को वर्णन मिलता है जो कालांतर में सब सही सिद्ध हुआ। आर्यभट्ट ने छठी शताब्दी में पृथ्वी के गोल होने का वर्णन किया साथ ही वे कहते थे कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है। पश्चिमी जगत 16वीं शताब्दी तक भी यह मानने को तैयार नहीं था। ऐसा कहने पर कॉपरनिकस को जीवित जला दिया गया। रामचरितमानस में सुग्रीव ने जब वानरों को माता सीता को पृथ्वी पर ढूँढने हेतु आदेशित किया और सारी पृथ्वी का भूगोल समझाया तब श्रीराम ने पूछा कि तुम्हें यह सब कैसे पता? इस बात से भी यह प्रमाणित होता है कि हम तब भी सब कुछ जानते थे। हमारे यहाँ 'भूगोल' ही कहा जाता था क्योंकि हमें पता था कि पृथ्वी गोल है। उन्होंने कहा कि हमारे समस्त अवतार भारत में ही हुए। श्रीराम और श्रीकृष्ण ऐसे राजा हुए जिन्होंने अपने आशीर्वचनों, कार्यों, आदर्शों और चरित्र से संपूर्ण सृष्टि को प्रभावित किया। इसी पावन भारत भूमि पर भगवान महावीर और महात्मा बुद्ध हुए जिन्होंने संपूर्ण पृथ्वी पर अपने ज्ञान का प्रसार किया। भारत में ही 41075 वर्ष प्राचीन विष्णु मूर्ति है तो भारत में ही 27000 वर्ष प्राचीन विष्णु कल्प विग्रह है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के दिए उपदेशों से आज भी सम्पूर्ण मानव जाति जीने की कला सीखती है। दूसरी ओर श्रीराम के मयार्दापूर्ण जीवन से हम अपने घर- परिवार समाज के लिए कैसे जिएं, यह आदर्श सीखते हैं। सनातन की रक्षा के लिए अपने जीवन को दांव पर लगा कर भी धर्म की रक्षा का आदर्श हम अपने जीवन में उतारते हैं। पूरा मैदान पंकज ओझा की ओजपूर्ण वाणी से गूँज रहा था और श्रोतागण एकटक बड़े मनोयोग से धैर्यपूर्वक उनको सुन रहे थे। इतना धैर्य एवं शान्ति सनातन में हि संभव है।

# जैन इंजीनियर्स सोसायटी के सागर चैप्टर का हुआ शपथ ग्रहण समारोह




**सागर. शाबाश इंडिया**

जैन इंजीनियर्स सोसायटी के सागर चैप्टर के शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित पदाधिकारीयों ने समाज और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा पूर्वक निभाने की शपथ ली। इस गरिमामय समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष इंजी. संजीव जैन व सचिव इंजी. प्रासुक सांधेलिया सागर ने अपनी जिम्मेदारियों को लेकर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ ही समाज कल्याण में भी योगदान देने की बात कही। इसके अलावा उपाध्यक्ष इंजी. वर्धमान मलैया व इंजी. अमन जैन सहित अन्य पदाधिकारीयों ने शपथ ली और आने वाले कार्यकाल के लिए अपनी योजनाएं प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि सागर क्षेत्र के विधायक शैलेंद्र जैन ने अपने संबोधन में जैन इंजीनियर्स सोसायटी की सराहना करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि सागर चैप्टर जैन समुदाय के इंजीनियर्स के बीच सहयोग और नवाचार को मजबूत करेगा। इस मौके पर उद्योगपति व वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश मलैया, बीटीआईआरटी ग्रुप के चेयरमेन सन्तोष कुमार जैन घड़ी सहित समाज के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य महानुभाव और इंजीनियरों ने भाग लिया एवं इस कार्यक्रम में जैन इंजीनियर्स सोसायटी के भोपाल एवं इंदौर से सीनियर मेंबर उपस्थित रहे। जैन तीर्थ नैनागिरि के अध्यक्ष सुरेश जैन आईएएस ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की, उन्होंने इस सोसायटी के पदाधिकारीयों से सागर संभाग के जैन तीर्थों के संरक्षण और सर्वतोमुखी विकास में सतत प्रोफेशनल योगदान देने की कामना की। उन्होंने इंजी. प्रासुक सांधेलिया सांधेलिया द्वारा नैनागिरि में आधुनिक सुविधाओं सहित ''बरदत्त विश्राम भवन'' तथा षटखण्डागम श्रुत मंदिर सहित गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराने पर सराहना की। इसके अलावा नैनागिरि ट्रस्ट कमेटी के मंत्री राजेश रागी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा.पूर्णचंद्र, मंत्री देवेन्द्र लुहारी, द्रोणगिरि क्षेत्र के अध्यक्ष कपिल मलैया, ट्रस्ट कमेटी के मंत्री सुनील घुवारा व प्रबंध समिति के मंत्री सनत कुटौरा सहित अनेक संस्था समितियों के पदाधिकारियों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की है।

-वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन रागी
रत्नेश जैन बकस्वाहा

# जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर का "स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम" सम्पन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर एवं फोर्टिस एस्काट्‌र्स हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 8 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार) को फोर्टिस एस्काट्‌र्स हॉस्पिटल, जयपुर परिसर में एक स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में इंजी. प्रेम चंद छाबड़ा (सचिव, जेस फाउंडेशन), इंजी. देवेन्द्र मोहन जैन (संयुक्त सचिव, जेस फाउंडेशन), इंजी. दीपक कुमार जैन (अध्यक्ष), इंजी. अरुण कुमार जैन (उपाध्यक्ष), इंजी. राकेश कुमार बगड़ा (उपाध्यक्ष), इंजी. प्रदीप कुमार जैन (सचिव), इंजी. बुद्धी प्रकाश जैन (संयुक्त सचिव) सहित चैप्टर के लगभग 45 से अधिक दम्पत्ति सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक इंजी. प्रमोद बोहरा थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में फोर्टिस एस्काट्‌र्स हॉस्पिटल के प्रबंधन दल ने इंजी. पी सी छाबड़ा, इंजी. डी एम जैन, इंजी. डी के जैन, इंजी. पी के जैन को प्रतिकात्मक रुप



से गुलदस्ता देकर चैप्टर के सदस्यों का स्वागत किया। चैप्टर की ओर से भी हॉस्पिटल प्रबंधन दल का माला पहनाकर एवं चैप्टर का दुपट्टा ओढ़ाकर सत्कार किया गया। स्वास्थ्य परिचर्चा में डा. अंकित बंसल ने फेंफडे रोग, डा. सुरेंद्र सुल्तानिया ने उदर रोग, डा. राहुल सिंघल ने हृदय रोग एवं डा. अरुण परतानी ने अस्थी रोग पर विस्तार से जानकारी दी एवं इनसे बचाव के उपाय भी सुझाये । परिचर्चा में शरीर पर क्षमता से अधिक तनाव / दवाब नहीं डालने, प्रतिवर्ष फ्लू वैक्सीन लगवाने, संतुलित आहार लेने, भोजन में फाइबर वाले खाद्य का अधिक सेवन करने, नियमित व्यायाम करने एवं शारीरिक क्रिया में किसी भी प्रकार का परिवर्तन /बदलाव अनुभव होने पर चिकित्सक का परामर्श लेने का सुझाव दिया गया । परिचर्चा के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सदस्यों की विभिन्न रोगों के बारे में शंकाओं का समाधान/निराकरण किया। अंत में फोर्टिस एस्काट्‌र्स हॉस्पिटल के प्रबंधन दल एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।



## 28वां नवान्ह पारायण महोत्सव का छठवां दिन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नवरात्रा के अवसर पर श्री राधे रानी प्रभातफेरी मंडल के तत्वावधान में नेहरु नगर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में चल रहे 28वें नवान्ह पारायण महोत्सव के तहत मंगलवार को अयोध्या कांड की 90 व अरण्य कांड की 29 चैपाइयों के पाठ हुए। इस दौरान प्रेरित मंत्र ब्रह्मसर धावा, चला भाजि बायस भय पावाण धरि निज रूप गयउ पितु पाहीं...जैसी गूंज रही चैपाइयों व भजनों की स्वर लहरियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन से जुड़े रामचरण पीतलिया,सुधीर नाटाणी व अजय नीलम ने बताया कि इस मौके पर व्यासपीठ से रामस्वरूप नाटाणी ने श्रीरामचरित मानस की अयोध्या कांड की 90 व अरण्य कांड की 29 चैपाइयों के पाठ 251 आसनों पर हुए। इस दौरान रघुपति चित्रकूट बसि नाना, चरित किए श्रुति सुधा समानाः३ बहुरि राम अ3स मन अनुमाना... जैसी चैपाई पर लोग झूमते नजर आए। इस मौके पर कथा प्रसंग के तहत आकर्षक झांकियां सजाई गई,जो सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। महोत्सव 11 अक्टूबर तक चलेगा।

# मणिपाल यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर सेमिनार का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था, रूवा जयपुर व मणिपाल यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 8 अक्टूबर 2024, मंगलवार को ₹लैंगिक संवेदनशीलता₹ विषय पर मणिपाल यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें रूवा अध्यक्ष डॉ.शशीलता पुरी व उपाध्यक्ष प्रोफेसर बीना अग्रवाल ने विद्यार्थियों को लैंगिक संवेदनशीलता एवं महिलाओं से जुड़े सामाजिक मानदंडों के संदर्भ में विचार व्यक्त किये। मणिपाल यूनिवर्सिटी के स्कूल आफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस के निदेशक प्रोफेसर त्रिशु शर्मा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। रूवा अध्यक्ष डॉ. शशीलता पुरी ने उपस्थित सदस्यों को रूवा का परिचय देते हुए उसके द्वारा संचालित सभी प्रकोष्ठ के बारे में बताएं। रूवा उपाध्यक्ष प्रोफेसर बीना अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं के साथ भेदभाव प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से हमारे समाज में व्याप्त है, जिसमें बदलाव की पहल युवाओं की ओर से होनी चाहिए। उनके द्वारा विद्यार्थियों को लैंगिक समझ से संबंधित प्रश्नावली भी दी गई। मनोविज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ विनीत कुमार और डॉ गीतिका द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा लैंगिक भेदभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। रूवा एकेडेमिक प्रकोस्ट की संयोजिका प्रोफेसर संगीता शर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा महिलाओं से जुड़े लैंगिक मुद्दो पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी बात रखी। डॉक्टर गार्गी शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा अंत में रूवा द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के पेम्पलेट वितरित किए गए।

# मधुनगर जैन मंदिर में हुआ मेडिटेशन गुरू उपाध्यायश्री ससंघ का मंगल प्रवेश



**आगरा. शाबाश इंडिया**

8 अक्टूबर को मेडिटेशन गुरू उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसौम्य सागर जी महाराज ससंघ नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी स्थित अजय जैन के निवास स्थान से बैण्ड बाजों के साथ मंगल विहार कर आगरा के मधुनगर स्थित अमृतपुरी के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में पहुंचे,जहां भक्तों ने उपाध्यायश्री का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर भव्य स्वागत किया। उपाध्यायश्री ससंघ के मंदिर पहुंचकर मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ एवं सभी प्रतिभाओं के दर्शन किए इसके बाद भक्तों को उपाध्यायश्री की मंगल वाणी श्रवण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान मधुनगर जैन समाज ने गुरुवर के समक्ष श्रीफल एवं शास्त्र भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। उपाध्यायश्री के मंगल प्रवेश में जैन युवा परिषद एवं ज्ञानोदय क्लब के सदस्य जैन ध्वज एवं जयकारें लगाते हुए बड़ी संख्या में चल रहे थे। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री विहसन्त सागर जी महाराज ससंघ का 9 अक्टूबर को प्रातः 6:30 बजे मंगल विहार मधुनगर जैन मंदिर से श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सदर बाजार के लिए होगा। इस अवसर पर मुन्नालाल जैन,सुमित प्रकाश जैन विशाल जैन,बॉबी जैन,पदमचंद जैन, वीरेंद्र जैन,अमित जैन,अजय जैन मनोज जैन योगी,धर्मेंद्र जैन,शुभम जैन,छाया जैन,इंदु जैन समस्त मधुनगर, छीपोटोला, राहुल विहार की सकल जैन समाज के लोग बडी.संख्या में मौजूद रहे।


श्री आदिनाथ मित्र मण्डल, जयपुर द्वारा

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर के छात्रों को प्रात: का भोजन करवाया जायेगा

रविवार, 13 अक्टूबर 2024
प्रात: 9.30 बजे से

स्थान : श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान (बालक छात्रावास) सांगानेर, जयपुर

आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

आदिनाथ मित्र मण्डल

सुनील जैन - अध्यक्ष
राकेश गोदिका - संरक्षक
विमल जैन - वरिष्ठ उपाध्यक्ष
राजेन्द्र बाकलीवाल - मंत्री
संजय जैन 'आवां' - उपाध्यक्ष
साकेत जैन - उपाध्यक्ष
अशोक सेठी - संयुक्त मंत्री
अनिल जैन डोइया - संयुक्त मंत्री
मुकेश जैन - कोषाध्यक्ष

कार्यकारिणी सदस्य : टीकम जैन, अशोक सोगानी, राजेन्द्र जैन बोरखंडी, अनिल जैन (दोशी), अशीष शाह, अशोक जैन (आगरा रोड), पं. विनोद शास्त्री

# दो दिवसीय गांव नला में भजन संध्या के साथ मेले का हुआ समापन

## अतिशय क्षेत्र गांव नला के जैन मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

**निवाई. शाबाश इंडिया**



सकल दिगम्बर जैन समाज एवं बिचला जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में दो दिवसीय अतिशय क्षेत्र गांव नला में आयोजित भजन संध्या का मेले के साथ समापन किया गया जिसमें पुरुषों एवं महिलाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि जैन संगीत मण्डल निवाई एवं अजय महुआ द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ गायक अजीत काला गायक विमल जौंला एवं गायक अजय दीवाना ने संगीतमय णमोकार महामंत्र से शुरूआत की। इस दौरान समाज के लोगों ने भगवान नेमीनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुनील भाणजा एवं राकेश संधी ने बताया कि मुख्य गायक कलाकार अजय दीवाना ने नवग्रह जिनके रहे पक्ष में जो जपले नो बार णमोकार णमोकार ..... नेमी पिया तूने यह क्या किया तोरण पर आकर रथ को क्यों मोड़ दिया ..... जूनागढ़ में सज गए देखो तोरण द्वार ...... गायक विमल जौंला ने प्रीतम प्यारे को लेने में जाऊंगी गिरनार ..... पारस प्यारा लागे जिनेश्वर प्यारा लागे .... गायक अजीत काला ने प्रभु प्यारो महावीरों यो म्हारे मन बस गयों रे ... भजना की है रात बाबा आज थाने आणो है भजना की रात...... गायक जितेश गिन्दोडी ने धूंधटियो ओढ़े बाबा म्हारे..... पलकें ही पलकें बिछाऐंगे...... आदि गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी जिसमे कई श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किए। कार्यक्रम का संचालन जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला ने किया। हितेश छाबड़ा ने बताया कि भजन संध्या का समापन भगवान महावीर स्वामी का बधाई गीत बाजे कुण्डलपुर में बधाई के साथ समापन किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में गांव नला में स्थित मूलनायक भगवान नेमीनाथ जी मंदिर को विधुत उपकरणों से सजाया गया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद छाबड़ा बाबूलाल सेठी शिखरचंद काला हेमचंद संधी अमित कटारिया अशोक माधोराजपुरा राजकुमार संधी संजय सोगानी हुकमचंद जैन विमल सोगानी पदमचंद टोंग्या शंभु कठमाणा पवन बोहरा अतुल ठोलिया गायक निर्मल जैन टोंक राहुल बोहरा पदमचंद जौंला बिट्टू जैन चंद्र प्रकाश जौंला रमेश संधी पवन सांवलिया राजेश जौंला संजय माधोराजपुरा मोनू टोंग्या पवन टोंग्या हितेश छाबड़ा दिनेश सोगानी त्रिलोक रजवास सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सत्य बोलो लेकिन वह सत्य निष्पाप हो : युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी महाराज

## एएमकेएम में पुच्छिस्सुणं संपुट जाप की 28वीं गाथा का हुआ स्वाध्याय

**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**




चैन्नई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुमार्सार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी म.एवं उपप्रवर्तिनी श्री कंचनकंवर जी के सान्निध्य में मंगलवार को पुच्छिस्सुणं संपुट जाप की 28वीं गाथा का स्वाध्याय हुआ। युवाचार्य श्री जी ने गाथा का भावार्थ बताते हुए कहा कि हमें सत्य का साक्षात्कार करना है। सत्य के दो रूप हैं पहला जो सर्वांगीण है, परिपूर्ण है। यह सत्य अनेकांत से प्राप्त होता है। दूसरा शास्वत सत्य, जो कभी नष्ट नहीं होने वाला। दुःख और उसके कारण को दूर करने के लिए प्रभु ने तप को आत्मसात किया। उनकी साधनाकाल में आठों प्रहर की चर्या तपमय थी। उन्होंने कहा प्रभु तप, पारणा करते थे तो भी उपधान करते थे यानी आत्मा के समीप रहते थे। ध्यान करते या विचरण के समय भी अपने आप के समीप रहते थे। यह कार्य बहुत दुष्कर है। उन्होंने कहा प्रत्येक मुनि को अपनी चर्या की आलोचना करनी चाहिए। परमात्मा ने आत्म तत्व को प्रकट करने के लिए जो मार्ग अपनाया, वह अति कठिन था। आज दूसरों की प्रशंसा करना कठिन है लेकिन स्वयं की प्रशंसा करना उतना ही सरल है। परमात्मा ने तप साधना की लेकिन अपने समीप रहे। जो धर्म में स्थिर हैं, मोक्ष पाना चाहता है, ऐसे मनुष्य को इससे बढ़कर त्याग करना कोई बाधा नहीं है। जो वीतरागी है, उनके भीतर चैतन्य रहता है। इस प्रकार आर-पार के संसार को जानकर सबसे सुरक्षित कर लिया। उन्होंने कहा इस गाथा का भाव यही है कि कठिन तप को धारण कर लेते हैं, वह संकल्प ही साधना में सिद्धि देने वाला बन जाता है। जब तक अपने समीप नहीं आते, साधना आगे नहीं बढ़ सकती। दूसरों को देने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम दान है। दान में सबसे श्रेष्ठ अभयदान है। अभयदान वही, जो हम वह सारी चीजें करें जो जीवों के हित में है। देना ही है तो अभयदान दो। उन्होंने कहा सत्य अपने आप में श्रेष्ठ है। सत्य शांत बनाने वाला है। सत्य बोलो लेकिन वह निष्पाप सत्य हो। तपों में श्रेष्ठ तप ब्रह्मचर्य है। इस प्रकार से यदि हम अपने जीवन में तप, सत्य और दान को अपनाते हैं तो धर्म गहराई तक पहुंच जाता है। हम साधना के लक्ष्य के नजदीक पहुंच जाते हैं। ये साधनाएं मंजिल तक पहुंचाने वाली है लेकिन तप, सत्य और दान के साथ करें। सभी धर्मों में श्रेष्ठ तत्व निर्वाण है। निर्वाण से बढ़कर कोई धर्म नहीं। परमपिता परमात्मा ज्ञानियों में श्रेष्ठ है। मन- वचन- काया से ऐसे परमात्मा की स्वाध्याय के माध्यम से स्तुति की। यह आराधना, साधना करने से सभी के दुःख दूर होते हैं। यह जीवन में आनंद देने वाली है। इस दौरान गुणवंती पींचा ने संपुट जाप साधना पर अपने भाव प्रकट किए। राकेश विनायकिया ने सभा का संचालन किया।



## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर ने हदय रोगों के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों हेतु इटर्नल हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर्स का किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

होटल हॉलीडे इन जयपुर में इटर्नल हॉस्पिटल जयपुर द्वारा हदय रोग पर इंटरएक्टिव हेल्दी हार्ट पैनल डिस्कशन एवं म्यूजिकल गालो डिनर का आयोजन किया गया। इटर्नल हॉस्पिटल के निमंत्रण पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर के कई सदस्यों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में इटर्नल जयपुर के हदय रोग स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स ने हदय रोग से संबंधित बीमारियों एवं उनके निदान हेतु उपलब्ध उपचार के बारे में विस्तार से उपस्थित लोगो को डॉक्टर्स के पैनल डिस्कशन के माध्यम से समझाया, साथ ही इटरनल हॉस्पिटल जयपुर में हदय रोगों के लिए उपलब्ध विश्व स्तरीय इलाज एवं चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी दी, अंत में इससे संबंधित बीमारी के बारे में ऑडियंस द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर के अध्यक्ष नीरज जैन एवं सचिव पंकज जैन ने बताया कि मेडिकल सेशन के पश्चात वीर ग्रुप सदस्यों द्वारा इटर्नल हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध हदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र मक्कड़, डॉ. अतुल कासलीवाल, डॉ. संजीव कुमार शर्मा, डॉ. संजीव सिडाना, डॉ. प्रेम रतन देगावत, डॉ. हेमंत चतुर्वेदी, डॉ. सुप्रिय जैन, डॉ. कुश कुमार भगत का उनके द्वारा हदय रोगों के उपचार एवं निदान में किए जा रहे उल्लेखनीय सेवा कार्यों हेतु माला, दुप्पटा पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मान किया गया, साथ ही मार्केटिंग एंड सेल्स हेड श्री नितिन तिवाड़ी एवं सीनियर मैनेजर अभिषेक चौधरी, योगेश सैनी व उनकी टीम का भी माला, दुप्पटा पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। सम्मान के पश्चात ऑर्केस्ट्रा बैंड के साथ म्यूजिकल गाला डिनर इवनिंग का आयोजन किया गया, जिसमे सभी ने म्यूजिक के साथ शानदार डिनर का आनंद लिया। डॉ. जितेंद्र मक्कड़ ने म्यूजिकल बैंड के साथ अपनी शानदार आवाज में एक से बढ़कर एक संगीतमय प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर से महेंद्र जैन, रेखा, कशिश, मोहित, शिल्पा, कोमल, अंकित, आशीष, रिद्धि, हिमांशु जैन, प्रिया जैन, रिषभ, रिषिका आदि की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया पुस्तक का विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान के मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा के आवास में क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया गया जिसमें दिगम्बर एवं श्वेताम्बर साधुओं का सानिध्य रहा। मुनि श्री अर्चित सागर महाराज के आशीर्वाद से प्रकाशित लेखक डॉ. सतेन्द्र कुमार जैन द्वारा रचित पुस्तक मंदिर,मूर्ति, भवन वास्तु का विमोचन माननीय मुख्यमंत्री जी के करकमलों से हुआ। यह पुस्तक धर्मोदय विद्यापीठ सागर, मध्यप्रदेश से सितम्बर माह में प्रकाशित हुई है। प्रस्तुत पुस्तक में महाराज श्री के आशीर्वाद के अतिरिक्त माननीय राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जी का संदेश, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नईदिल्ली के यशस्वी कुलपति माननीय प्रो. श्रीनिवास वरखेडी का शुभाशीष एवं सरस्वती उच्च अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान, जयपुर के निदेशक माननीय प्रो. पी.सी.जैन, जयपुर का आशीर्वाद है। इस पुस्तक में प्राकृत साहित्य का बहुचर्चित दार्शनिक ग्रन्थ तिलोयपण्णत्ति को आधार बनाकर वर्तमान में वास्तु के प्रचलन में व्यक्तियों की भ्रान्तियों का निराकरण किया गया है। साथ पुस्तक में वर्णित वास्तु को धर्म एवं विज्ञान से जोडकर वास्तु की समीचीनता भी प्रकट की गई है।

# वर्ल्ड संगठन के निदेशक मनीष सक्सेना सम्मानित

## वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मिला सम्मान




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय समारोह के अवसर पर नाहरगढ जैविक उद्यान में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन) सुश्री शिखा मेहरा एवं उपवन संरक्षक वन्यजीव जगदीश गुप्ता ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ। इंडिया, भारत सरकार के प्रतिनिधि एवं वाइल्ड लाइफ क्राइम कन्ट्रोल ब्यूरो के मनीष सक्सेना को प्रशस्ति पत्र एंव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड संगठन के निदेशक मनीष सक्सेना पिछले पच्चीस वर्षों से राजस्थान में वन्यजीव संरक्षण, पशु कल्याण एवं उनके अधिकारो के लिए कार्यरत है। मनीष सक्सेना द्वारा वन्यजीव संरक्षण तथा पशु कल्याण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान एवं सेवाओं को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा उन्हें अनेकों बार सम्मानित किया गया है। उन्हें राजस्थान सरकार द्वारा वन विभाग का मानद् वन्यजीव प्रतिपालक एवं राज्य के विभिन्न जिलों में गठित पशु क्रूरता निवारण समितियों का सदस्य भी मनोनीत किया गया। वर्तमान में सक्सेना राजस्थान में प्रतिनिधि, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, भारत सरकार के पद पर कार्यरत हैं इसके अतिरिक्त मनीष सक्सेना भारत सरकार के वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो एवं पशुओं पर परीक्षण के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण के प्रयोजनार्थ समिति (सीपीसीएसईए) को भी अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रतिनिधि, एनिमल वैल्फेयर बोर्ड ऑफ इंडिया एवं वाइल्ड लाइफ क्राइम कन्ट्रोल ब्यूरो के मनीष सक्सेना के नेतृत्व मे चलाए जा रहे पैन्थरा पेरेडस कॉल फॉर कॅन्सर्वेशन परियोजना के अर्न्तगत ''सह-अस्तित्व के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण'' विषय पर राज्यस्तरीय हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई जिसमें सम्पूर्ण राजस्थान के विद्यालयो मे विद्यार्थी हस्ताक्षर कर तेंदुआ को बचाने का संकल्प लेगें। कार्यक्रम में वर्ल्ड संगठन की उप-निदेशक नम्रता तथा वर्ल्ड जू पट्रोल के अधिकारी मौजुद रहे। राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड, राजस्थान के अध्यक्ष जसवंत बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर मनीष सक्सेना को बधाई दी।

# शक्ति नगर महिला मंडल द्वारा डांडिया कार्यक्रम का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर शक्ति नगर महिला मंडल द्वारा सोमवार 7अक्टूबर 2024 को डांडिया कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुनीता अजमेरा द्वारा किया गया। सभी महिलाओं ने रंग बिरंगे परिधान पहन कर डांडिया और गरबा नृत्य किया। नृत्य के साथ साथ सभी ने स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लिया। पुलक मंच अध्यक्ष इंदिरा जी बड़जात्या समारोह की मुख्य अतिथि थी। बेस्ट ड्रेस के लिए राजकुमारी बेद, अंकिता जैन और मीनाक्षी को चुना गया। बेस्ट जोड़ी का खिताब ज्योति और आरती को दिया गया। बेस्ट डांसर शिखा और अर्पिता रही। मंच संचालन मीनू गंगवाल द्वारा किया गया। महिलाओं को गरबा थीम पर मनोरंजन गेम और हाऊजी खिलाई गई। रमिता, बरखा, नीतू, मीतू, साक्षी,गरिमा,बीनू, नीरा, आशिता,प्रीति,दीपिका,नेहा, सुनीला जी,बीना जी, अनिता जी, गुणमाला जी ने इस कार्यक्रम में शामिल हो कर खूब आनंद लिया और कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की।

